हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज चंडीगढ़ में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी पर आधारित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर प्रणाली का शुभारंभ किया।

- श्री चौहान ने कहा- कृषि नीति और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

- आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में विभाजन की त्रासदी में प्राण गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हरियाणा पुलिस के 11 अधिकारियों और जवानों को राष्ट्रीय पुलिस पदक से सम्मानित करने के लिए चुना गया।

- दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से पीएम विश्वकर्मा योजना के 100 लाभार्थियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया।

====================================

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस भव्य समारोह के दौरान भारतीय वायु सेना के दो एमआई-17 हेलीकॉप्टर समारोह स्थल पर पुष्प वर्षा करेंगे। लाल किले के समारोह में

पहली बार 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया जाएगा, जिसके तुरंत बाद राष्ट्रगान होगा। इस राष्ट्रीय समारोह में थल सेना, नौसेना और वायु सेना के लगभग ढाई हज़ार कैडेट्स के साथ-साथ 'माई भारत' के स्वयंसेवक भी भाग लेंगे।

-----------------------------------------------------

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर हरियाणा और चंडीगढ़ में सुरक्षा के कड़ी प्रबंध किए गए हैं। अंबाला रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रेलवे पुलिस द्वारा स्टेशन के चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है और तलाशी अभियान भी चलाया गया है।

-------------------------------------------------

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी- CBDC पर आधारित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर सिस्टम का शुभारंभ किया। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी और खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभनिया कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुईं।

श्री चौहान ने कहा कि यह पहल सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अधिक पारदर्शिता, सुरक्षा और समयबद्धता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में किसानों और गरीबों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

शिवराज सिंह – 17 सेकंड

श्री चौहान ने कहा कि चंडीगढ़ में शुरू की गई इस पायलट परियोजना का मकसद इसे पूरे देश में लागू करने के लिए एक मॉडल के तौर पर पेश करना है।

श्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि नई प्रणाली में तकनीकी सुरक्षा उपाय शामिल किए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लाभार्थी फंड का इस्तेमाल केवल अनाज और अन्य जरूरी खाद्य सामग्री खरीदने के लिए ही कर सकें। लाभार्थी गेहूं और चावल के अलावा, दाल या अन्य जरूरी खाद्य सामग्री भी चुन सकेंगे।

प्रह्लाद जोशी – 24 सेकंड

मीडिया से बातचीत में श्री शिवराज सिंह चौहान ने साफ किया कि कृषि नीति और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के संबंध में दुनिया भर के देशों के साथ किए गए सभी समझौतों में इस सिद्धांत का पालन किया गया है कि राष्ट्रीय हित, किसानों का हित और जनहित सर्वोपरि रहे।

---------------------------------------------------------------------------

आज गुरुग्राम में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर विभाजन की भीषण त्रासदी में अपने प्राण गंवाने वाले सभी निर्दोष नागरिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए और विस्थापित परिवारों के साहस एवं संघर्ष को नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि विभाजन का वह दौर हमारे इतिहास का एक पीड़ादायक अध्याय है। अपनी जन्मभूमि से उजड़कर विस्थापन का दंश झेलने वाले लोगों ने जिस साहस और धैर्य के साथ कठिन परिस्थितियों का सामना किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा रहेगा।

इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल तथा अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

----------------------------------------------------------

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हरियाणा पुलिस के 11 अधिकारियों और जवानों को राष्ट्रीय पुलिस पदक से सम्मानित करने के लिए चुना गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी सूची में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की महिला उप-निरीक्षक सुशीला कौशिक को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक दिया जाएगा। वहीं, पुलिस महा निरीक्षक नाजनीन भसीन और पुलिस उप अधीक्षक जितेश मल्होत्रा समेत 10 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक मिलेगा।

------------------------------------------------------------

भारत सरकार ने 15 अगस्त को दिल्ली में लाल किले पर  स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखने के लिए दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से पीएम विश्वकर्मा योजना के 100 लाभार्थियों को 'विशेष अतिथि' के रूप में आमंत्रित किया है।

विशेष मेहमानों में विभिन्न पारंपरिक व्यवसायों की महिला कारीगर भी शामिल हैं, पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों को मान्यता और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए जाएंगे।

-------------------------------------------------------

फतेहाबाद में आज पंचायत भवन में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा  में प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों ने 'वंदे मातरम्' के जयघोष के साथ देशभक्ति का संदेश दिया।

-------------------------------------------------------------

चंडीगढ़ के खेल विभाग द्वारा आज सेक्टर 42 के खेल परिसर में  'हर घर तिरंगा दौड़' का आयोजन किया गया।दौड़  का शुभारंभ  सभी प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" के गायन के साथ हुआ।

विभाग के निदेशक सौरभ कुमार अरोड़ा ने दौड़ को झंडी दिखाई और स्वयं भी प्रतिभागियों के साथ दौड़ लगाई।

दौड़ में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अधिकारियों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों सहित लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

-------------------------------------------------------

देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की अनूठी अभिव्यक्ति करते हुए प्रथम चंडीगढ़ नौसेना राष्ट्रीय कैडेट कोर यूनिट ने कमांडर गौरव पंत के मार्गदर्शन में सुखना झील पर 'हर घर तिरंगा' गतिविधि का आयोजन किया। इस पहल ने राष्ट्रीय अभियान की भावना को उजागर करने के साथ-साथ युवा एनसीसी कैडेट्स को तिरंगे से जुड़ने और राष्ट्रीय ध्वज द्वारा प्रदर्शित मूल्यों को समझने के लिए प्रेरित किया। कैडेट्स ने सुखना झील पर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की एक आकर्षक झलक प्रस्तुत की।

-----------------------------------------------------------------

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस से फतेहाबाद, हांसी, सिरसा, चरखी दादरी और हिसार में

पांच नई अमृत फार्मेसी काम करना शुरू कर देंगी। इससे  लोगों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं काफी कम कीमत पर उपलब्ध होंगी।

-----------------------------------------------

स्वतंत्रता दिवस पर फरीदाबाद के सफाई मित्र दंपती पप्पू कज़ानिया और रानी कज़ानिया को लाल किले में आयोजित राष्ट्रीय समारोह के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। हरियाणा के विभिन्न शहरी स्थानीय निकायों से कुल 27 सफाई मित्रों को उनके जीवनसाथी के साथ इस ऐतिहासिक क्षण का प्रत्यक्षदर्शी बनने के लिए चुना गया है।

------------------------------------------------------

हरियाणा में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। आज रात से 16 अगस्त तक राज्य में तेज़ हवाओं और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम, और कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. मदन लाल खिचड़ ने बताया कि आज रात्रि से ज्यादातर क्षेत्रों में बारिश की संभावना बन रही है।

-------------------------------------------------

स्वंतंत्रता दिवस के अवसर पर मेट्रो सेवाओं के समय में विशेष बदलाव किया गया है। सामान्य समय-सारणी लागू होने तक ट्रेनें 30-30 मिनट का अंतराल पर चलेंगी।

========================================